दिन– मंगलवार दिनांक– 08/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में जारी भूमि सर्वे के तहत पुश्तैनी जमीन के लिए वंशावली पर पंचायत प्रतिनिधियों से हस्ताक्षर कराना जरूरी नहीं।

02. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – दरभंगा में पश्चिमी कोसी तटबंध टूटने की तकनीकी जांच कराई जाएगी।

03. राज्य में **एक पेड मां के नाम** अभियान के अन्तर्गत अब तक दो करोड़ अस्सी लाख पौधे लगाये गए।

04. और, डाक सेवा के तहत पार्सल और चिट्ठियां पहुंचाने में बिहार देशभर में शीर्ष स्थान पर।

---

राज्य सरकार ने जमीन सर्वे को लेकर रैयतों को हो रही परेशानियों के मद्देनजर नियम में एक बार फिर बदलाव किया है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट किया है कि पुश्तैनी जमीन का अलग–अलग नाम से सर्वे कराने के लिए वंशावली पर पंचायत प्रतिनिधियों से हस्ताक्षर कराना जरूरी नहीं है। विभाग के अनुसार खतियानी रैयत के वंशज स्वयं वंशावली तैयार कर अंचल के शिविर में जमा कर सकते हैं। आपत्ति आने की स्थिति में सर्वे कर्मियों की ओर से जांच कर इसे प्रमाणित किया जाएगा। विभाग ने यह भी कहा है कि नापी के दौरान रैयत की जमीन पर सशरीर उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी।

---

राज्य सरकार ने बीपीएससी से चयनित और सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों के लिए स्थानांतरण नीति जारी कर दी है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने पटना में कहा कि स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों को नई नीति से बाहर रखा गया है। श्री कुमार ने बताया कि असाध्य और गंभीर रोग, शारीरिक दिव्यांगता तथा मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित शिक्षक तथा विधवा और परित्यक्त शिक्षिकाओं को उनके विकल्प के पंचायत, नगर निकाय, प्रखंड, अनुमंडल या जिले में प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरित किया जा सकेगा।

———बाईट———

शिक्षा मंत्री ने बताया कि नई नीति के अनुसार शिक्षक दंपति को एक ही स्कूल में नियुक्ति मिलेगी। वहीं, पुरूष शिक्षकों का स्थानांतरण गृह अनुमंडल में नहीं होगा। शिक्षकों को उनके सेवा काल के प्रत्येक पाँच वर्ष पर स्थानांतरित किया जायेगा। इधर, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा कि स्थानांतरण में शिक्षकों को दस प्रकार के विकल्प दिए गए हैं।

———बाईट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि स्थानांतरण के लिए इसी महीने से आवेदन लिए जायेंगे और दिसम्बर महीने तक पदस्थापना कर दी जायेगी।

———————————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि पश्चिमी कोसी तटबंध टूटने की तकनीकी जांच कराई जाएगी। श्री चौधरी ने दरभंगा के गौड़ाबौराम प्रखंड के भुवौल के पास क्षतिग्रस्त तटबंध स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ खत्म होने के बाद तटबंध की शीघ्र मरम्मत करने का निर्देश दिया। श्री चौधरी ने लहेरियासराय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रदेश में बाढ के दीर्घकालिक समाधान के लिए ढेंग, तैयबपुर, अरेराज और डगमारा में बराज निर्माण की योजना बनायी जा रही है। इससे बाढ़ का प्रभाव काफी कम हो जाएगा।

———————————————————————————

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम आज गया में भारत लैब की तर्ज पर विकसित 'बिहार जेन नेक्स्ट लैब का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बिहार जेन नेक्स्ट पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से किए गए कार्यों और इससे संबंधित आंकड़े उपलब्ध होंगे। इसके माध्यम से किसी भी विभाग से संबंधित जानकारी एक क्लिक के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगी। श्री सुब्रमण्यम आज ही गया में डाटा ड्रीवन गवर्नेंस पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में उन्नीस राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

———————————————————————————————

प्रदेश में एक पेड मां के नाम अभियान के अन्तर्गत अब तक दो करोड़ अस्सी लाख पौधे लगाये गये हैं। वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यह अभियान शुरू किया था और बिहार ने तय समय सीमा तीस सितम्बर से पहले ही पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। श्री कुमार ने बताया कि राज्य के बाढ़गस्त अठारह जिलों में पौधों और नर्सरियों की क्षति के लिए मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय वन पदाधिकारियों को एक सप्ताह में नुकसान की रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गए हैं।

———————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, इओयू ने इस वर्ष फरवरी में बिहार विधानसभा में विश्रवास मत के दौरान विधायकों की खरीद–फरोख्त के मामले में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि जांच में एजेंसी को कई राज्यों से वित्तीय लेन–देन के साक्ष्य मिले हैं। ईओयू ने साक्ष्य मिलने के बाद इस मामले की जांच की रिपोर्ट प्रवर्तन निदेशालय को सौंप दी है।

———————————————————————————————

डाक सेवा के तहत पार्सल और चिट्ठियां पहुंचाने में बिहार देशभर में शीर्ष स्थान पर है। बिहार सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि हर महीने अस्सी लाख से अधिक पत्र और पार्सल की डिलिवरी की जाती है। पटना जीपीओ में राष्ट्रीय डाक सप्ताह का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर महीने चौरानवे प्रतिशत से अधिक डिलीवरी की जाती है। श्री कुमार ने बताया कि प्रदेश के तीन जिलों में नए पासपोर्ट केंद्र खोले जायेंगे। यह केंद्र वैशाली, मधुबनी के झंझारपुर और पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकीनगर स्थापित होंगे। वर्तमान में राज्य पैंतीस पासपोर्ट केंद्र हैं।

———————————————————————————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय आने वाले दिनों में सौ खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करेगा। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में श्री पासवान ने

कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के दौरान मूल्यवर्धन सुनिश्चित करते हुए अपशिष्ट को कम करने के लिए पच्चीस विकिरण इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि माता के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है। बांगला पद्धति के अनुसार पूजा वाले स्थानों पर मां भगवती का पट आज खुल जायेगा। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, कैमूर के मुंडेश्वरी मंदिर, गोपालगंज के थावे मंदिर, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ, सहरसा के महिषी स्थित उग्रतारा मंदिर और मुंगेर के मां चंडिका शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———म्यूजिक———

———————————————————————

दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना में यातायात को लेकर विशेष व्यवस्था की गयी है। कई सड़कों पर कल से यातायात मार्ग में परिवर्तन किया गया है। विशेष व्यवस्था के अनुसार अगले चार दिनों तक राजधानी की मुख्य सड़कों पर बड़े मालवाहक वाहनों को प्रवेश बंद रहेगा। अशोक राजपथ, भट्टाचार्य रोड से डाकबंगला चौराहा, बारीपथ समेत कई मार्गों पर आम वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही कई मार्गों पर वन–वे व्यवस्था लागू रहेगी।

———————————————————————

त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने तिरासी जोड़ी ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य  रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ये रेलगाड़ियां इकतीस दिसम्बर तक कुल आठ हजार पांच सौ फेरे लगायेंगी। रेलवे ने पाटलिपुत्र और छपरा के बीच कल से इकतीस दिसम्बर तक एक जोड़ी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पाटलिपुत्र से सुबह आठ बजकर पंद्रह मिनट पर रवाना होगी।

———————————————————————————

इधर, रेलवे भर्ती बोर्ड ने कई परीक्षाओं को लेकर अधिसूचना जारी की है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नवम्बर के अंतिम सप्ताह से दिसम्बर तक परीक्षाएं आयोजित की जायेगी। आरआरबी सहायक लोको भर्ती परीक्षा पच्चीस से उनतीस नवम्बर के बीच होगी। वहीं, आरपीएफ– एसआई भर्ती परीक्षा दो से पांच दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। रेलवे के अनुसार तकनीशियन भर्ती परीक्षा सोलह से छब्बीस दिसम्बर के बीच होगी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सत्तरवीं संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। यह परीक्षा अब तेरह और चौदह दिसम्बर को आयोजित होगी। पहले यह परीक्षा चौदह नवम्बर को निर्धारित थी।

———————————————————————————

प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और संपूर्ण क्रांति के नेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण की आज पुण्य तिथि है। इस अवसर पर पटना में गांधी मैदान के निकट स्थित उनकी प्रतिमा पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर एलौथ गांव के औद्योगिक क्षेत्र में कल रात एक वारंटी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है।

———————————————————————————

हैदाराबाद में संपन्न अड़तीसवीं सब–जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाईनल मुकाबले में दिल्ली ने बिहार को चौंतीस–सत्ताईस से पराजित कर दिया।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय मेजर ध्यानचंद हॉकी चैंपियनशिप के बालक वर्ग के एक मुकाबले में पटना ने सहरसा को चार–शून्य से पराजित किया। वहीं, बालिका वर्ग में पटना की टीम ने एक तरफा मुकाबले में कैमूर को आठ–शून्य से हराया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में शिक्षकों की तबादला नीति से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में हर पांच साल पर शिक्षकों का तबादला होगा। पुरूषों की गृह अनुमंडल और महिलाओं का गृह पंचायत में नहीं होगी तैनाती।

**दैनिक जागरण** लिखता है – नीट पेपर लीक मामले में तीसरी चार्जशीट दायर। सीबीआई ने चार्जशीट में दो सौ अंठानवे गवाहों और पैंतीस भौतिक वस्तुओं की जांच का हवाला दिया।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है –डीप्टी सीएम के बंगले से एसी, सोफा और नल की टोटी गायब। भाजपा बोली– तेजस्वी ले गये, राजद बोला बिल्कुल झूठ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रदेश में जारी भूमि सर्वे के तहत पुश्तैनी जमीन के लिए वंशावली पर पंचायत प्रतिनिधियों से हस्ताक्षर कराना जरूरी नहीं।

02. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – दरभंगा में पश्चिमी कोसी तटबंध टूटने की तकनीकी जांच कराई जाएगी।

03. राज्य में **एक पेड मां के नाम** अभियान के अन्तर्गत अब तक दो करोड़ अस्सी लाख पौधे लगाये गए।

04. और, डाक सेवा के तहत पार्सल और चिट्ठियां पहुंचाने में बिहार देशभर में शीर्ष स्थान पर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।